दिनांक : 15.08.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

स्वतंत्रता दिवस देष

राष्ट्र आज अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आज वो शुभ घडी है कि हम देश की आजादी के लिए प्राणों का त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र निर्माण करने वाले किसानों, जवानों, युवाओं, माता–बहनों, शोषित और वंचित वर्ग के लोगों की देश के प्रति निष्ठा विश्व के लिए प्रेरणा है। श्री मोदी ने कहा कि हमने नेशन फर्स्ट की भावना के साथ सुधार किये हैं। इन सुधारों का सबसे बड़ा उदाहरण बैंकिंग क्षेत्र में सुधार है। आज भारत के बैंक विश्व के मजबूत बैंकों में शामिल हो गये हैं। बैंकिंग सेवा का लाभ गृह ऋण, शिक्षा ऋण, स्टार्टअप्स, किसान ऋण, विदेश यात्रा के लिए ऋण, पशुपालक, मछलीपालक और रेडी–पटरी वाले बैंक से ऋण लेकर आर्थिक प्रगति कर रहे हैं।

....

स्वतंत्रता दिवस प्रदेष

प्रदेश में, 78 वां स्वतंत्रता दिवस पारंपरिक उल्लास और गर्व के साथ मनाया जा रहा है। आज भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार अगले 5 साल में प्रदेश का बजट दो गुना करने की दिशा में काम कर रही है। राज्य में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से 60 से अधिक नई इंडस्ट्रीज लगाई जा रही हैं। इनसे एक साल में 17 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर प्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवंबर से 4 मिशन– युवा शक्ति मिशन, गरीब कल्याण मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन शुरू किए जाएंगे।

....

डा मोहन यादव, मुख्यमंत्री

डा यादव ने बताया कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। श्रमिकों को ई–स्कूटर खरीदने के लिए 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खजुराहो में देश के पहले पारंपरिक कला वाले गुरुकुल की स्थापना होगी। वर्ष 2024–25 में 5 हजार 100 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अफसरों को वीरता पदक से सम्मानित भी किया।

....

स्वतंत्रता दिवस जिला

स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ध्वजारोहण किया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में आयोजित समारोह में झंडावदंन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन सदन में ध्वजारोहण किया। जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने जनसम्पर्क संचालनालय में ध्वज फहराया। सागर में उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने परेड की सलामी लेकर ध्वजारोहण किया। आगरमालवा में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागरसिंह चौहान ने झंडावंदन किया। शहडोल जिले में कलेक्टर केदार सिंह ने ध्वजारोहण किया। ग्वालियर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ध्वजारोहण किया। बैतूल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मन्त्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने झंडावंदन किया। शिवपुरी में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने झंडा वंदन किया । विदिशा में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल ने ध्वजारोहण किया। रीवा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास पंचायत मंत्री ने ध्वजारोहण किया। पन्ना में कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। मैहर में पंचायत एवम ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह ने झंडावंदन किया। नर्मदापुरम में कलेक्टर ने ध्वजारोहणकिया।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान भोपाल के लाल परेड ग्राउंड से शैक्षिक डिजिटल बस का शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में डिजिटल बस छात्रों के लिये उपयोगी साबित होगी।
- ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सामाजिक अंकेक्षण के तहत ग्राम सामाजिक एनिमेटर का उन्नमुखी प्रशिक्षण सह बैठक कल आगरमालवा जिला पंचायत सभागार में हुई।
- भोपाल के गौहर महल में राज्य स्तरीय हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी एवं सावन मेले का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी एवं सावन मेला 19 अगस्त तक चलेगा। इसमें लगभग 55 से ज्यादा शिल्पकार अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं।

....